वित्तीय वर्ष 2022-23 के सहायक अनुदान से विमुक्त

पत्रांक- बि०प्र०सु०मि०सो०/ BRPGRA (स्था.-आ. सं.)- 04/2016 सो0...2915...

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

डॉ. प्रतिमा

सचिव -सह- अपर मिशन निदेशक

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी

बिहार

दिनांक:-28/11/2022

विषय:- **सभी प्रखंड –सह- अंचल कार्यालय के RTPS काउंटर तथा सभी अनुमंडलीय एवं जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैट्री एवं इनवर्टर के मरम्मति/क्रय हेतु राशि उपलब्ध कराये जाने के संबंध मे।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी की शासी परिषद की दिनांक- 10.10.2022 को आहूत बैठक की कार्यावली बिन्दु संख्या-19 के रूप में सभी 534 प्रखंड-सह-अचल कार्यालय के आर.टी.पी.एस.काउंटर, 101 अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय एवं 38 जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रति कार्यालय ₹ 50,000.00 (पचास हजार) की अधिसीमा के अंतर्गत बैट्री एवं इनवर्टर के क्रय/मरम्मति का अनुमोदन प्राप्त है।

2 उपर्युक्त के आलोक में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी को वित्तीय वर्ष 2022-23 में सामान्य प्रशासन विभाग से माँग संख्या-33 के अन्तर्गत योजना मद बजट मुख्य शीर्ष-2052 - सचिवालय सामान्य सेवाएँ उप मुख्य शीर्ष 00- लघु शीर्ष- 092- अन्य कार्यक्रम उप शीर्ष 0122- बिहार प्रशासनिक मिशन सोसाईटी (विपत्र कोड P2052000920122) राज्य योजना स्कीम फोड-GEN 5513 के अंतर्गत प्राप्त राशि में विषय शीर्ष 3106 सहायक अनुदान- वेतनादि के अलावा मद में अवशेष राशि से उपर्युक्त कार्यालयों की संख्या एवं प्रति कार्यालय ₹ 50,000.00 (पचास हजार) की दर से संलग्न तालिका के अनुसार कुल **₹ 3,36,50,000.00 (तीन करोड, छत्तीस लाख, पचास हजार)** जिलों द्वारा संसूचित बैंक खाते में आवंटित/उपलब्ध करायी जा रही है।

3- उपर्युक्त वर्णित कार्यालय में वर्तमान में अधिष्ठापित बैट्री एवं इनवर्टर की स्थिति यदि ठीक हो तो आवश्यकता के अनुसार इसकी मरम्मति करवा ली जाय। यदि मरम्मति कराया जाना उपयोगी नहीं रह गया हो तो ₹ 50,000.00 (पचास हजार) की अधिसीमा अंतर्गत सक्षम क्षमता वाले बैट्री एवं इनवर्टर का क्रय किया जाय तथा उपर्युक्त कार्यालयों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय एवं जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय के लिए क्रय/मरम्मति किए जाने वाले बैट्री एवं इनवर्टर से क्रमशः अनुमडल स्तरीय लोक सेवा केंद्र एवं जिला स्तरीय लोक सेवा केंद्र को भी विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

4- व्यय में बिहार वित्तीय नियमावली एवं अन्य सुसंगत वित्तीय प्रावधानों का दृढतापूर्वक पालन किया जाए।

5 - इस राशि विमुक्ति का अर्थ व्यय की स्वीकृति नहीं समझी जाए तथा पूर्णतः सतुष्ट होने के उपरांत ही नियमानुसार भुगतान की कार्रवाई की जाए। उपलब्ध करायी जा रही राशि का विचलन अन्य इकाई मद में नहीं किया जाए।

(लगातार.........)

6- विमुक्त की जा रही राशि का विहित प्रपत्र – 42A में मिशन कार्यालय को ससमय उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध करायी जाए। इस राशि की पावती के संबंध में पत्र द्वारा मिशन कार्यालय को शीघ्र सूचित भी किया जाए।

अनु०- यथोक्त।

विश्वासभाजन

27/11/22

(डॉ. प्रतिमा)

सचिव -सह- अपर मिशन निदेशक

झापांक:- बि०प्र०सु०मि०सो०/ BRPGRA (स्था.-आ. सं.)- 04/2016 2915 दिनांक 28/11/2022

प्रतिलिपि:- सभी जिला/अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

28/11/22

सचिव -सह- अपर मिशन निदेशक

E:\amit kumar directory\Draft 04-16.docx

सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के आर.टी.पी.एस काउंटर तथा सभी अनुमंडलीय एवं जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य सक्षम क्षमता वाले बैट्री एवं इनवर्टर के क्रय/मरम्मति हेतु राशि का आवंटन

Sr	District Name	NO of Block RTPS Offices	No of Sub-div. PGRO offices	No of Dist. PGRO Offices	Total No. of Offices	Total Amount @ Rs. 50000 per offices
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*
1	Araria	9	2	1	12	600000.00
2	Arwal	5	1	1	7	350000.00
3	Aurangabad	11	2	1	14	700000.00
4	Banka	11	1	1	13	650000.00
5	Begusarai	18	5	1	24	1200000.00
6	Bhagalpur	16	3	1	20	1000000.00
7	Bhojpur	14	3	1	18	900000.00
8	Buxar	11	2	1	14	700000.00
9	Darbhanga	18	3	1	22	1100000.00
10	E.Champaran	27	6	1	34	1700000.00
11	Gaya	24	4	1	29	1450000.00
12	Gopalganj	14	2	1	17	850000.00
13	Jamui	10	1	1	12	600000.00
14	Jehanabad	7	1	1	9	450000.00
15	Kaimur	11	2	1	14	700000.00
16	Katihar	16	3	1	20	1000000.00
17	Khagaria	7	2	1	10	500000.00
18	Kishanganj	7	1	1	9	450000.00
19	Lakhisarai	7	1	1	9	450000.00
20	Madhepura	13	2	1	16	800000.00
21	Madhubani	21	5	1	27	1350000.00
22	Munger	9	3	1	13	650000.00
23	Muzaffarpur	16	2	1	19	950000.00
24	Nalanda	20	3	1	24	1200000.00
25	Nawada	14	2	1	17	850000.00
26	Patna	23	6	1	30	1500000.00
27	Purnia	14	4	1	19	950000.00
28	Rohtas	19	3	1	23	1150000.00
29	Saharsa	10	2	1	13	650000.00
30	Samastipur	20	4	1	25	1250000.00
31	Saran	20	3	1	24	1200000.00
32	Sheikhpura	6	1	1	8	400000.00
33	Sheohar	5	1	1	7	350000.00
34	Sitamarhi	17	3	1	21	1050000.00
35	Siwan	19	2	1	22	1100000.00
36	Supaul	11	4	1	16	800000.00
37	Vaishali	16	3	1	20	1000000.00
38	W.Champaran	18	3	1	22	1100000.00
Total		**534**	**101**	**38**	**673**	**33650000.00**

(तीन करोड़ छत्तीस लाख पचास हजार रुपये मात्र)